CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 185 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 27 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## अरावली बचाओ-भविष्य बचाओ: जयपुर में NSUI का पैदल मार्च, सरकार पर अवैध खनन को लेकर तीखा हमला

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (NSUI) ने शुक्रवार को राजधानी जयपुर में अरावली बचाओ-भविष्य बचाओ अभियान के तहत पैदल मार्च निकालकर राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। मार्च की अगुवाई हस्द्ध प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने की। जालूपुरा थाने के सामने से शुरू हुआ यह पैदल मार्च कलेक्ट्रेट की ओर जाना था, लेकिन पुलिस ने इसे गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहे पर रोक दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शन की अनुमति यहीं तक थी, आगे बढ़ने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इसके बाद यहीं नारेबाजी कर मार्च समाप्त कर दिया गया। पैदल मार्च में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसी) के महासचिव और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट भी शामिल हुए।



उन्होंने अरावली में हो रहे कथित अवैध खनन को लेकर केंद्र व राज्य सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए। पायलट ने कहा कि आज भी सैकड़ों स्थानों पर अरावली की पहाड़ियों में खुलेआम अवैध खनन चल रहा है, जिसे रोकने में सरकार नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अदालत में हलफनामा कुछ और होता है, जबकि धरातल पर सच्चाई अलग नजर आती है।

सचिन पायलट ने कहा कि सरकार द्वारा 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियों को ही अरावली मानने की परिभाषा गढ़ी जा रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि अरावली श्रृंखला की अधिकांश पहाड़ियां इससे कम ऊंचाई की हैं। उन्होंने फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि चार राज्यों में फैली अरावली श्रृंखला में एक लाख से अधिक पहाड़ियां 100 मीटर से कम ऊंचाई की हैं। ऐसे में इस परिभाषा से अरावली को बचाया नहीं, बल्कि कमजोर किया जा रहा है।

पायलट ने कहा कि अरावली सिर्फ पहाड़ों का समूह नहीं, बल्कि उत्तर भारत के बड़े हिस्से के लिए सुरक्षा कवच है। यही पर्वतमाला रेगिस्तान के विस्तार को रोकती है, मानसून को संतुलित करती है, जलस्तर बनाए रखने में मदद करती है और पर्यावरण संरक्षण की रीढ़ है। यह मुद्दा 100 मीटर की ऊंचाई का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का है।

मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इससे पहले हस्द्ध प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ को कार्यकर्ताओं ने कंधों पर बैठाकर मंच तक पहुंचाया। जाखड़ ने कहा कि जब तक अरावली को बचाने के लिए ठोस और ईमानदार कदम नहीं उठाए जाते, तब तक छात्र और युवा सड़कों पर संघर्ष करते रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर जालूपुरा क्षेत्र में पहले मंच को लेकर विवाद भी सामने आया, जिसके बाद मंच को स्थानांतरित करना पड़ा। बावजूद इसके, बड़ी संख्या में छात्र, युवा, महिलाएं और कांग्रेस कार्यकर्ता मार्च में शामिल हुए। गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहे पर कुछ देर तक नारेबाजी के बाद सभी नेता और कार्यकर्ता शांतिपूर्वक लौट गए।

## नयापुरा में चलती बोलेरो में लगी आग, चालक बाल-बाल बचा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**



**गर्वित ।** शहर के नयापुरा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बोलेरो टैक्सी में अचानक आग लग गई। चलती गाड़ी से धुआं उठता देख चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन रोककर बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार आग की चपेट में आ गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि वाहन को भारी नुकसान पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार रिद्धि-सिद्धि कुन्हाड़ी निवासी अशोक कुमार की बोलेरो टैक्सी शुक्रवार सुबह स्टेशन की ओर जा रही थी। कुन्हाड़ी से नयापुरा पुलिया पर चढ़ते समय कार के बोनट से धुआं निकलने लगा। कुछ ही पलों में आग की लपटें उठने लगीं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद दमकल विभाग को मौके पर बुलाया गया।

सूचना मिलते ही सब्जीमंडी फायर स्टेशन से दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि वाहन पूरी तरह आग की चपेट में था। दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण वाहन में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

## राजस्थान में पंचायत चुनाव की तैयारी तेज, राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी की नई गाइडलाइन

### दिव्यांग, महिला व अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को मतदान ड्यूटी से छूट

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राज्य में आने वाले तीन से चार महीनों में पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव संभावित हैं। इसी कड़ी में राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनावी तैयारियों का खाका तय करते हुए पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर नई गाइडलाइन और आदेश जारी कर दिए हैं।

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (कलेक्टर्स) को मतदान दल (पोलिंग पार्टी) के गठन की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इस बार मतदान व्यवस्था को अधिक सुचारु और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से कई अहम बदलाव किए हैं।




गाइडलाइन के अनुसार इस बार दिव्यांग कर्मचारियों और महिला कर्मचारियों को पोलिंग पार्टी में ड्यूटी से अलग रखा जाएगा। इसके साथ ही केंद्र सरकार के विभागों या केंद्र के अधीन संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों तथा अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों को भी मतदान ड्यूटी में नहीं लगाया जाएगा।

मतदान के दौरान महिला मतदाताओं की पहचान को लेकर भी आयोग ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यदि कोई महिला मतदाता बुर्का या घूंघट में मतदान केंद्र पर आती है और पहचान को लेकर आवश्यकता पड़ती है, तो पीठासीन अधिकारी स्थानीय महिला कार्मिक, जैसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, का सहयोग ले सकेंगे। निर्देशों के अनुसार प्रत्येक पोलिंग पार्टी में कुल 5 कार्मिक होंगे, जिनमें एक पोलिंग ऑफिसर और चार सहायक पोलिंग ऑफिसर शामिल रहेंगे। यदि पंचायती राज संस्थाओं के सभी पदों जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच और वार्ड पंच के चुनाव एक साथ कराए जाते हैं, तो एक ही पोलिंग पार्टी इन सभी पदों के लिए मतदान कराएगी।

आयोग ने प्रत्येक पंचायत समिति के लिए एक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति के भी आदेश दिए हैं। जिन पंचायत समितियों में 15 से अधिक वार्ड होंगे, वहां अतिरिक्त वार्डों के लिए पोलिंग पार्टी में शामिल किसी एक पोलिंग ऑफिसर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया जा सकेगा।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार किशोर को कुचला, मौत

### सीसीटीवी में कैद हुआ हिट-एंड-रन हादसा, वाहन जब्त, चालक फरार




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम सड़क हादसे में स्कूटी सवार किशोर की मौत हो गई। शास्त्री नगर-सूर्य महल क्षेत्र की मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने स्कूटी को टक्कर मारी और किशोर को कुचलते हुए मौके से फरार हो गई। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हादसा शाम करीब साढ़े चार बजे हुआ। स्कूटी सवार अली रजा शेख (17) पुत्र नईमुद्दीन शेख, निवासी शास्त्री नगर, किसी काम से बाजार जा रहा था। इसी दौरान सामने से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक ने गाड़ी धीमी की, लेकिन रुका नहीं और युवक के ऊपर से वाहन निकालते हुए फरार हो गया।

गंभीर रूप से घायल किशोर को लोगों ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए।

कोतवाली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है, जबकि चालक की तलाश जारी है। शव को अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवाया गया है।


मृतक के पिता नईमुद्दीन शेख दिव्यांग हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई गई है। घटना के बाद कांग्रेस के पूर्व जिला सचिव रफीक शेख के नेतृत्व में परिजन व समर्थक महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठ गए। परिजनों ने दोषी चालक की शीघ्र गिरफ्तारी और 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है।

## डांगा के आंसुओं पर भी राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण, पार्टी को नुकसान पहुंचा है : शेखावत

**भीलवाड़ा फोकस @ बीकानेर**

एमएलए फंड में कमीशन मांगने के आरोपों से जुड़े मामले में भाजपा विधायक रेवंतराम डांगा के रोने के वीडियो और तस्वीरों पर मची सियासी हलचल को लेकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बड़ा बयान दिया है। शुक्रवार को बीकानेर दौरे पर आए शेखावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि अब विधायक की आंखों में आए आंसुओं को लेकर भी राजनीति की जा रही है। पूरे मामले को जरूरत से ज्यादा राजनीतिक रंग देने की कोशिश हो रही है।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने स्पष्ट किया कि विधायक रेवंतराम डांगा जब उनसे मिले थे, तब उन्होंने कठोर शब्दों में यह कहा कि उनके आचरण



और व्यवहार से पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा है। शेखावत के अनुसार, विधायक ने स्वयं स्वीकार किया कि चाहे यह कृत्य जानबूझकर न हुआ हो या फिर भोलेपन में, लेकिन इसका असर पार्टी पर पड़ा है। इसी स्वीकारोक्ति और आत्ममंथन के कारण वे व्यथित हुए और भावुक हो गए। शेखावत ने कहा कि यह स्थिति दर्शाती है कि विधायक को अपने व्यवहार और उसके परिणाम का एहसास हुआ है। जब किसी व्यक्ति को यह महसूस होता है कि उसके कारण संगठन की छवि को ठेस पहुंची है, तो उसका भावुक होना स्वाभाविक है। इसे राजनीतिक हथियार बनाना उचित नहीं ।

उल्लेखनीय है कि 21 दिसंबर को विधायक रेवंतराम डांगा केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से जोधपुर स्थित उनके निवास पर मिलने पहुंचे थे। उस दौरान उन्होंने पूरे प्रकरण को लेकर अपनी सफाई दी थी। बैठक के बाद जब डांगा बाहर निकले, तो वे भावुक नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उनकी आंखों में आंसू थे और वे उन्हें पोंछते हुए दिखाई दिए। इस घटनाक्रम के वीडियो और तस्वीरें सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया था।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश, ज्ञापन सौंपा

## गोपालपुरा ग्राम पंचायत में सार्वजनिक मार्ग संकरा होने से बढ़ा हादसों का खतरा



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**मानव तिवाड़ी।** गोपालपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में बिलानाम/सरकारी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे सार्वजनिक मार्ग संकरा हो गया है। इसी भूमि से होकर बिजौलिया, गोपालपुरा एवं तिलस्वां को जोड़ने वाला मार्ग गुजरता है, जो आगे मध्यप्रदेश के सिंगोली क्षेत्र तक जाता है। यह मार्ग क्षेत्र का प्रमुख एवं अत्यधिक व्यस्त रास्ता है।

अतिक्रमण के चलते सड़क की चौड़ाई कम हो गई है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से मौके पर तत्काल सीमाज्ञान कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने तथा सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है। उपखंड अधिकारी ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्भीक होकर आगे आएं आमजन : राणावत

## एसीबी अजमेर की जन-जागरूकता गोष्ठी में रिश्वतखोरी पर सख्त संदेश





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**रमेश गुर्जर** कस्बे के सामुदायिक भवन में शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग, अजमेर द्वारा जन-जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक तभी संभव है, जब आम नागरिक निर्भीक होकर सामने आए और रिश्वत की शिकायत दर्ज कराए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अजमेर रेंज के पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह राणावत ने कहा कि एसीबी आमजन की सहायता के लिए हर समय तत्पर है। यदि किसी भी कार्यालय में रिश्वत की मांग की जाती है तो इसकी सूचना तत्काल विभाग को दें।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है तथा राजस्थान में एसीबी की कोई भी इकाई प्रदेश के किसी भी हिस्से में कार्रवाई करने में सक्षम है। इस दौरान उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक, जयपुर द्वारा जारी टोल-फ्री नंबर की जानकारी भी साझा की।

भीलवाड़ा से आए उप पुलिस अधीक्षक पारसमल ने एसीबी की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद उसका विधिवत सत्यापन किया जाता है और उसके पश्चात ट्रैप सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने पूर्व में की गई सफल कार्रवाइयों का उल्लेख कर आमजन को जागरूक किया।

इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने नागरिकों से नगर पालिका से जुड़े कार्यों में दलालों से दूर रहने और सीधे कार्यालय से संपर्क करने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा आगमन पर कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत का माली (सैनी) समाज ने किया स्वागत-सम्मान



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के भीलवाड़ा आगमन पर माली (सैनी) समाज ने महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली के नेतृत्व में शुक्रवार को भव्य स्वागत एवं सम्मान किया।

राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली ने बताया कि मंत्री अविनाश गहलोत के पहुंचने पर मोड़ का निबाहेड़ा, हरिपुरा चौराहा एवं भदालीखेड़ा चौराहे सहित कई प्रमुख स्थानों पर समाज के सैकड़ों लोगों ने साफा बंधवाकर एवं माल्यार्पण कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मंत्री के शहर में प्रवेश के दौरान महासभा के कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक तरीके से आगवानी की।

इस अवसर पर माली महासभा के जिला महामंत्री सत्यनारायण माली, राजू माली , भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, नानूराम गोयल, शंभू बुलीवाल, कालू माली, लालाराम, बबलू गढ़वाल, पांचू माली, रोशन गढ़वाल, राजेश सहित माली समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मार्बल माइन्स से केबल चोरी का खुलासा, एक माह से फरार दो आरोपी गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश)। थाना पुलिस ने मार्बल माइन्स से बिजली की केबल चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक माह से फरार चल रहे दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अजमेर वंदिता राणा के निर्देश पर की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकड़ी राजेश कुमार मील एवं वृत्ताधिकारी केकड़ी हर्षित शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी राधेश्याम जाट के नेतृत्व में गठित टीम ने अभियुक्त सुनील कहार और ओमप्रकाश उर्फ प्रधान भील को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि रामनिवास पुत्र सोनाराम जाट निवासी मेहरासी ने 15 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पंचमुखी मार्बल माइन्स, गोविंदपुरा से लगभग 400 एमएम की बिजली केबल चोरी हो गई। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने योजना बनाकर रात में केबल चोरी की, बाद में खारी नदी किनारे जंगल में केबल जलाकर तांबा निकालकर बेच दिया।

इस प्रकरण में पूर्व में सीताराम कहार, गोरधन कहार और मुकेश कहार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। फरार चल रहे दोनों आरोपियों को अब गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक राधेश्याम जाट सहित भंवरलाल, शिवप्रकाश, छोटूराम एवं विजय शामिल रहे।

# माली समाज के नोहरे में विकास कार्यों का लोकार्पण, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया शुभारंभ



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत शुक्रवार को जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने शहर स्थित माली समाज के नोहरे में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में नगर निगम की ओर से इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं स्नानगृह निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया, वहीं विधायक मद से निर्मित विश्राम गृह का भी लोकार्पण किया गया। माली युवा सेवा संस्थान के युवा संरक्षक हरनारायण माली ने बताया कि नोहरे में कराए गए ये विकास कार्य समाज की सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सामाजिक भवनों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और माली समाज के नोहरे में हुए ये कार्य उसी सोच का परिणाम हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों एवं समाजजनों ने मंत्री गहलोत का आभार व्यक्त किया।

समारोह में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, महापौर राकेश पाठक, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# वीर बाल दिवस पर भाजपाइयों ने गुरुद्वारे में किया वाहेगुरु सिमरन, शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

गुरु गोविंद सिंह के दोनों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेहसिंह की शहादत की याद में वीर बाल दिवस के अवसर पर भाजपाइयों ने जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सोनी के सान्निध्य में सिंधुनगर स्थित गुरुद्वारे में वाहेगुरु सिमरन के साथ ही शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि सिख धर्म के 10वें गुरू गोविंद सिंह के साहिबजादों ने मातृ भूमि के लिए, अपनी संस्कृति और विचारों के लिए दृढ़ता के साथ अपना जीवन बलिदान कर दिया। बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने धर्म की रक्षा और सत्य के लिए अल्प आयु में ही अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, यह हम सब के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबजादों के शहादत को राष्ट्रीय बाल दिवस घोषित करने का निर्णय सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, मंजू चेचाणी, वीर बाल दिवस जिला संयोजक सरदार प्रतीक सोनी, सह संयोजक सरदार रणजीत सिंह, अभिश्रुता सोलंकी, रागिनी गुप्ता, मुकेश सोनी, मुकेश चेचाणी, महेंद्र नायक, सीपी जोशी, दीपक पाराशर, यशोवर्धन सेन, अवधेश शर्मा, प्रतीक सोनी, मोहिनी माली सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



QUICK BITES

## बनेड़ा में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा 28 को

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

**(परमेश्वर)** कस्बे में गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 28 से 31 दिसंबर तक किया जाएगा। मीडिया प्रभारी श्याम योगी ने बताया कि महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर 28 दिसंबर को सुबह 9 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी।

कलश यात्रा मोगरिया धर्मशाला से प्रारंभ होकर लक्ष्मी भवन तक जाएगी, जिसमें हजारों महिलाएं एवं कन्याएं मंगल कलश धारण कर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरेंगी। इसके बाद सायंकाल लक्ष्मी भवन में हरिद्वार से पधारे विद्वान पंडितों द्वारा संगीतमय प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ को लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्षेत्र में महायज्ञ को लेकर विशेष उत्साह का वातावरण बना हुआ है। अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पुण्य अवसर में भाग लें, इसके लिए सभी को आमंत्रित किया जा रहा है। महायज्ञ के दौरान यज्ञ एवं यज्ञ से जुड़े सभी संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे।

## 18 मार्च को शाहपुरा में सजेगी 'एक शाम श्री सांवरिया सेठ के नाम' भव्य भजन संध्या

### फाग उत्सव, शोभायात्रा व प्रसिद्ध भजन गायकों की प्रस्तुति को लेकर मित्र मंडल की बैठक सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



**मूलचंद पेसवानी**

धार्मिक आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर शाहपुरा नगर में आगामी 18 मार्च को एक शाम श्री सांवरिया सेठ के नाम विशाल भजन संध्या एवं फाग उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर श्री सांवरिया सेठ मित्र मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम को ऐतिहासिक व यादगार बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार कर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं को इससे जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में श्री सांवरिया सेठ के अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार एवं 56 भोग के दिव्य दर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेंगे।

मित्र मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि इसी दिन सुबह 11:15 बजे से दोपहर 3 बजे तक चारभुजा बड़ा मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान स्थित भजन संध्या स्थल पर संपन्न होगी।

भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक पूरण गुर्जर, तिलकेश सुथार एवं दीपा दाधीच अपनी सुमधुर प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन के दौरान आतिशबाजी, इत्र-केसर व पुष्प वर्षा, आकर्षक सजावट, प्रकाश व्यवस्था तथा प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

बैठक के अंत में मित्र मंडल ने नगरवासियों से सपरिवार सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। आयोजन को लेकर शाहपुरा में अभी से उत्साह और भक्ति का माहौल दिखाई देने लगा है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# शीतकालीन सत्र-2025 में सांसद दामोदर अग्रवाल की दमदार मौजूदगी, भीलवाड़ा की आवाज़ संसद में गूंजी

### लोकसभा में प्रभावी सवाल, विधायी पहल और बहसों के जरिए सांसद ने भीलवाड़ा-राजस्थान के मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर रखा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

संसद के शीतकालीन सत्र-2025 में लोकसभा सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपनी मजबूत उपस्थिति, सार्थक सवालों और विधायी पहल के जरिए न केवल भीलवाड़ा बल्कि पूरे राजस्थान का नाम देशभर में प्रभावी रूप से रखा। सत्र के दौरान उनकी सक्रिय भूमिका ने यह साबित किया कि वे संसद में क्षेत्र की आवाज़ को पूरी मजबूती से उठाने वाले जनप्रतिनिधि हैं।

सांसद प्रवक्ता विनोद झूरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने शीतकालीन सत्र में 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराते हुए 25 महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। ये प्रश्न भीलवाड़ा सहित राजस्थान से जुड़े विकास, आधारभूत सुविधाओं, जनकल्याण योजनाओं और प्रशासनिक पारदर्शिता जैसे विषयों पर केंद्रित रहे। उनके सवालों ने न केवल



सरकार का ध्यान क्षेत्रीय समस्याओं की ओर खींचा, बल्कि समाधान की दिशा में जवाबदेही भी तय की।

सत्र के दौरान सांसद दामोदर अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत तीन विधेयक सदन में विशेष चर्चा का विषय रहे। इनमें

(1) राजस्थान राज्य में वृक्षों के भू-मानचित्रण हेतु विशेष वित्तीय सहायता विधेयक, 2024 -जिसके माध्यम से वृक्षारोपण के दौरान लगाए जाने वाले वृक्षों एवं पौधों के भू-मानचित्रण के खर्च के लिए राजस्थान को विशेष सहायता देने का प्रस्ताव रखा गया।

(2) हिंदू धार्मिक उपासना स्थल (पशुवध, मांस व मांसाहारी खाद्य निषेध) विधेयक, 2024 -जिसमें हिंदू धार्मिक स्थलों के 100 वर्ग मीटर के दायरे में पशुवध, मांस एवं मांसाहारी खाद्य के विपणन, व्यापार, पकाने, परोसने और उपभोग पर प्रतिबंध का प्रावधान है।

(3) राजस्थान में प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्वीय स्थल संरक्षण हेतु विशेष वित्तीय सहायता विधेयक, 2024-जिसके तहत नए पुरातत्वीय स्थलों के उत्खनन तथा ऐतिहासिक स्मारकों और अवशेषों की मरम्मत, नवीकरण और संरक्षण के लिए विशेष सहायता का प्रस्ताव किया गया।

विशेष बात यह रही कि सांसद अग्रवाल ने सदन की बहसों में भी सक्रिय सहभागिता निभाई और चार अवसरों पर जनहित से जुड़े मुद्दों पर तथ्यात्मक व संतुलित विचार रखे। उनकी यह सक्रियता उन्हें संसद में सकारात्मक और प्रभावशाली भूमिका निभाने वाले सांसदों में अग्रणी बनाती है।

स्थानीय नागरिकों और समर्थकों ने सांसद की इस संसदीय सक्रियता पर संतोष जताते हुए कहा कि वे निरंतर संसद के माध्यम से भीलवाड़ा की अपेक्षाओं और जरूरतों को राष्ट्रीय मंच पर मजबूती से रख रहे हैं।

**शीतकालीन सत्र-2025 : सांसद दामोदर अग्रवाल का रिपोर्ट कार्ड**

सत्र अवधिः 01 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025
सदन में उपस्थितिः 100%
बहस/मुद्दों में भागीदारीः 4 बार
कुल प्रश्न पूछेः 25
निजी विधेयक प्रस्तुतः 3
कुल सक्रिय भागीदारीः 32

## आसींद के राकेश यादव को मिली पीएचडी, कानून के क्षेत्र में बढ़ाया क्षेत्र का मान

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।।**

क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण तब आया जब मोतीपुरा-नसीराबाद निवासी एवं वर्तमान में आसींद न्यायालय में अभियोजन अधिकारी के रूप में सेवाएँ दे रहे डॉ. राकेश यादव को कानून विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई।

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह में उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री प्रदान की गई।



समारोह में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत तथा कुलगुरु सुरेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

डॉ. यादव ने डॉ. तुष्टि जोशी के निर्देशन में 'त्वरित न्याय का अधिकार और मानवाधिकारः भारत में संवैधानिक अपकृत्य का एक आलोचनात्मक विश्लेषण' विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। सामान्य परिवार से आने वाले डॉ. राकेश यादव की यह उपलब्धि क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी और गौरव का विषय है।

# पर्यावरण बचाने की पहलः कोली समाज के छात्र-छात्राओं ने अरावली संरक्षण को लेकर भेजा संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नववर्ष के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कोली समाज के छात्र-छात्राओं ने अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण को लेकर एक सराहनीय और जागरूकता भरी पहल की। समाज के पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पर्यावरण के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नरेंद्र मोदी तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम पोस्टकार्ड लिखकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में जारी नई गाइडलाइन के विरुद्ध अपील दायर करने और अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण को सुनिश्चित करने की मांग की। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से पोस्टकार्ड लिखकर आग्रह किया कि अरावली क्षेत्र को पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित रखा जाए तथा इसके संरक्षण के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही नववर्ष की शुभकामनाएं भी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री तक पहुंचाई गईं।

इस अवसर पर समाज के सचिव



मुरलीधर लोरवाडिया, गोपाल छांनवाल, राकेश कसोड़िया, पवन खोरवाल सहित अन्य समाजजनों का सहयोग रहा। पोस्टकार्ड लेखन में शालिनी, नेहा, दमयंती, मोहित, कनिष्क, हेमंत, दिशा, वंशिका, वासुदेव, सेजल, सुहानी, महेश, पीयूष, हर्षित, यश, दक्षिता, धीरज और रौनक सहित कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# अवैध खनन के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

### गोपालपुरा-माजी साहब का खेड़ा क्षेत्र में खनन से सड़क, चरागाह और पर्यावरण को भारी नुकसान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

उपखंड क्षेत्र के माजी साहब का खेड़ा एवं गोपालपुरा पटवार हल्का क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर अवैध खननकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि गोपालपुरा पटवार हल्का की बिलानाम भूमि पर क्वारी लाइसेंस की आड़ में नियमों को दरकिनार कर अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे सरकार को भारी राजस्व हानि हो रही है। खनन क्षेत्र से सटी मुख्य सड़क से ग्रामीण व उनके मवेशी चरागाह की ओर आते-जाते हैं, लेकिन



गहरे गड्ढों में मवेशियों के गिरने से मौत की घटनाएं सामने आ रही हैं।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सड़क सीमा के भीतर अवैध रूप से मलवा व पत्थर डालने से सड़क संकरी हो गई है और आवागमन बाधित हो रहा है। साथ ही खननकर्ताओं द्वारा विद्युत विभाग से मिलीभगत कर सड़क किनारे विद्युत पोल स्थानांतरित करवाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने इन पोलों को पुनः यथास्थान शिफ्ट करवाने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि करीब 50 फीट तक झड़ाई कर चरागाह भूमि को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जो राजस्व व पर्यावरणीय नियमों का खुला उल्लंघन है। भारी ब्लास्टिंग से स्कूलों व आवासीय मकानों में दरारें पड़ गई हैं, वहीं ओवरलोड वाहनों से सड़क जर्जर हो चुकी है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि दो दिनों में अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान तोड़फोड़, आयोजन समिति में रोष

## बड़े खेल मैदान में असामाजिक तत्वों ने टेंट-बैनर व सामान किया क्षतिग्रस्त






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित बड़े खेल मैदान में आयोजित की जा रही वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से प्रतियोगिता की तैयारियों को झटका लगा है, वहीं आयोजकों और खिलाड़ियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।
प्रतियोगिता के आयोजक कुनाल आर्य एवं हेमंत सिंह भदोरिया ने बताया कि बीती रात अज्ञात व्यक्तियों ने रंजिशवश आयोजन स्थल पर लगे टेंट, बैनर व सजावट सामग्री को नुकसान पहुंचाया। साथ ही वहां रखी कुर्सियों एवं अन्य आवश्यक सामान के साथ भी तोड़फोड़ की गई।
आयोजकों के अनुसार इस घटना में करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। तोड़फोड़ के कारण प्रतियोगिता की तैयारियों में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। आयोजकों ने आशंका जताई कि इस कृत्य का उद्देश्य प्रतियोगिता को बाधित करना हो सकता है।
आयोजन समिति ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा आसपास के क्षेत्रों से जानकारी जुटाई जा रही है।

# विधायक कोठारी ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

## 77 लाख की लागत से बन रहे सीसी रोड कार्यों का जायजा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

विधायक अशोक कोठारी ने शुक्रवार को वार्ड संख्या 55 एवं 56 का दौरा कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत कर विकास कार्यों के लिए आभार जताया।
विधायक कोठारी ने सिंदरी के बालाजी, कीर खेड़ा कच्ची बस्ती एवं बालाजी का खेड़ा क्षेत्रों में 77 लाख रुपये की लागत से बन रहे सीसी रोड निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। ध्रुव के मंड स्थित प्राचीन देवनारायण स्थल पर दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं ने विश्रांति गृह, तालाब पाल सड़क पर सीसी रोड, रामघाट, स्कूल चारदीवारी एवं महिला स्नानागार निर्माण की मांग रखी।
इसके बाद विधायक ने औरिका रिसॉर्ट के पीछे हनुमान नगर में नगर विकास न्यास द्वारा कराए जा रहे सीसी रोड और पेयजल पाइपलाइन कार्यों का भी जायजा लिया। इस



अवसर पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# खातेदार की जमीन पर बजरी माफिया द्वारा किया जा रहा अवैध खनन , किसान ने की शिकायत

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** खारी नदी के मेहरूकलां गांव में अवैध बजरी खनन से एक किसान की कृषि भूमि नष्ट हो गई है। खाताधारक उगमा राम रेगर की जमीन पर कथित तौर पर अवैध खनन कर खेत को समतल कर दिया गया, जिससे खेती योग्य भूमि पूरी तरह बर्बाद हो गई।



किसान उगमा राम रेगर के पुत्र महावीर प्रसाद रेगर ने शुक्रवार को सावर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बजरी लीजधारक द्वारा उसकी 19 खसरा की भूमि में अवैध बजरी खनन कराया जा रहा है।
महावीर प्रसाद रेगर ने बताया की कृषि भूमि पीढ़ियों से उसके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन रही है। अवैध खनन के कारण अब खेत पूरी तरह से बर्बाद हो गया है और खेती करना असंभव हो गया है। महावीर ने दोषी लीजधारक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# श्रीमद् भागवत कथा में सजी कृष्ण-रुक्मणी विवाह की झांकी, भक्तिरस में डूबा पांडाल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर के रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित अग्रवाल उत्सव भवन में पोरवाल परिवार की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव छठे दिन भक्तिरस में सराबोर नजर आया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।
सोजत रामद्वारा के रामस्नेही संत मुमुक्षु रामजी महाराज के सानिध्य में कथा के



छठे दिन रुक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वाचन किया गया। इस अवसर



पर कृष्ण-रुक्मणी विवाह की सजीव झांकी सजाई गई, जिसे देखकर पांडाल में मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु जयकारों और भजनों पर नाचने लगे।
संत मुमुक्षु रामजी महाराज ने कहा कि रुक्मणी का कृष्ण से प्रेम आत्मिक था और महारास लीला परमात्मा से एकात्म होने का मार्ग दर्शाती है। कथा के दौरान भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।
कथा का समापन शनिवार को श्रीकृष्ण लीला एवं सुदामा चरित्र प्रसंग के वाचन तथा महाआरती के साथ होगा।

# रक्तदान शिविर को लेकर निरंकारी सेवेदारों ने किया डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)।** संत निरंकारी सत्संग भवन टांकावास में 28 दिसंबर को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को संत निरंकारी मिशन के सेवेदारों ने डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। सेवेदारों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें स्वेच्छा से रक्तदान के लिए प्रेरित किया।
जागरूकता अभियान धुंधरी, टांकावास, गुलगांव, सदरा एवं सावर सहित आसपास के गांवों में चलाया गया। मीडिया सहायक सुरेश चंद्र कहार ने बताया कि अभियान ब्रांच मुखी कालूराम निरंकारी के सानिध्य में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सेवेदार भाई-बहन शामिल हुए।

# नर्सेज भर्ती को लेकर संघर्ष समिति ने सौपा ज्ञापन, नई विज्ञप्ति जारी करने की मांग



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

राजस्थान नर्सेज भर्ती संघर्ष समिति ने चिकित्सा विभाग में लंबित भर्तियों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खीवसर के नाम नई विज्ञप्ति जारी करने की मांग को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सत्यनारायण शर्मा को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में आगामी चिकित्सा विभाग की भर्ती बोनस अंकों के आधार पर कराने, 12,000 नियमित नर्सिंग अधिकारियों तथा 7,000 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (एएनएम) की सीधी भर्ती की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। ज्ञापन के दौरान परमानेंट एवं 108 एंबुलेंस स्टाफ ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण बहिष्कार दर्ज कराया। इस दौरान 108 नर्सिंग व पायलट स्टाफ में सलीम खान कायमखानी, दर्शन कुमार बसिठा, इरफान खान, इमरान सिलावट, बलवीर पाराशर, मोहसिन खान कायमखानी, पायलट भेरुलाल गुर्जर, गोपाल गुर्जर, संजय मीणा, मुन्नालाल गुर्जर सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### विकास चाहिए, विस्थापन नहीं : बीसलपुर मुद्दे पर 68 गांव एकजुट, विधायक शत्रुघ्न गौतम को लिखा पत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)।** बीसलपुर बांध की भराव क्षमता बढ़ाने के प्रस्ताव के खिलाफ अजमेर, टोंक और भीलवाड़ा जिलों के प्रभावित गांवों में आक्रोश तेज हो गया है। देवली उपखंड कार्यालय के बाहर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने साफ कहा विकास चाहिए, पर विस्थापन नहीं।
कालेड़ा कंवरजी के सरपंच अर्पित जोशी ने बताया कि पाड़लिया, नापाखेड़ा, चांदथली, कालाखेत सहित कई गांवों से लोग रोज़ धरने में पहुंच रहे हैं। बीसलपुर बांध विस्थापन संघर्ष समिति के सतीश वर्मा ने कहा कि नई पुनर्वास नीति में न जमीन की गारंटी है और न पुनर्वास कॉलोनी का भरोसा,जबकि ईआरसीपी कैनाल जुड़ने के बाद भराव बढ़ाने का औचित्य नहीं है।
संघर्ष समिति ने अधूरे पुनर्वास, लंबित मुआवजा, भूमि आवंटन और डूब क्षेत्र की कृषि भूमि के बदले समान भूमि व सिंचाई पानी की गारंटी की मांग दोहराई। समिति अध्यक्ष मुकुट सिंह राणावत ने बताया कि 68 गांवों की ओर से जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है और इसी क्रम में शत्रुघ्न गौतम को पत्र लिखकर भराव बढ़ाने का फैसला वापस लेने की मांग रखी गई है।

### जयपुरिया लोहार क्रिकेट प्रीमियर लीग का शुभारंभ, 16 टीमें ले रहीं हिस्सा

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



स्थानीय जयपुरिया लोहार युवा कमेटी, की ओर से आयोजित जयपुरिया लोहार क्रिकेट प्रीमियर लीग का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। कमेटी अध्यक्ष असलम लाहोरी ने बताया कि टूर्नामेंट 26 दिसंबर से शुरू होकर 2 जनवरी तक चलेगा।
टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह में पूर्व उपप्रधान मुबारिक लौहार, पूर्व सदर मोहम्मद हारून, समाजसेवी मुनीर, कय्यूम, असलम नागोरी, अयूब भाई, वहिद आजाद, जाकिर जामा, जलील लाहोरी, जब्बार नागोरी, मुबारिक मिस्त्री सहित समाज के अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।
उद्घाटन मैच लोहार रॉयल्स बनाम लोहार हंटर के बीच खेला गया। टीम के कप्तान इकबाल और कय्यूम हैं। आयोजकों ने बताया कि युवा कमेटी पिछले दो वर्षों से लगातार टूर्नामेंट का आयोजन कर रही है और यह इसका तीसरा वर्ष है। इस अवसर पर कमेटी की ओर से रिपोर्टर महेंद्र बाबेल का भी सम्मान किया गया।

### मेहरू कला में सेवा-सुशासन पखवाड़ा का हुआ समापन

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)** क्षेत्र के मेहरू कला में प्रदेश सरकार के सफलतम 2 वर्ष 'बेमिसाल' के तहत सेवा-सुशासन पखवाड़ा का भव्य आयोजन हुआ। केकड़ी क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम के निर्देश पर कार्यक्रम में विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, जिला संयोजक रायचंद बागड़ी और विधानसभा संयोजक विजय प्रताप सिंह शक्तावत के सानिध्य में ग्राम पंचायत सदारा से पखवाड़े का भव्य समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में बावन माता मंडल उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री रंगलाल भील, युवा मोर्चा अध्यक्ष मंजीत सिंह शक्तावत, मंडल महामंत्री लक्ष्मी नारायण मालावत, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज कहार, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री मोहसीना बानो, मंत्री महावीर सेन, प्रचार मंत्री रोडू कुमावत, सोनु गुर्जर, पवन व्यास, विमल जैन, प्यारे लाल खींची, आदित्य शर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।